# कृषि महाविद्यालय

(श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय जोबनेर–जयपुर)

भुसावर : भरतपुर (राज.) पिन 321406

Azadi Ka Amrit Mahotsav

डॉ. उदय भान सिंह
डीन

मों: 9414714234

Email.:- dean.coabhusawer@sknau.ac.in


क्रमांकःप.( )/स्टोर/कृमविभु/2025/354 | दिनांकः 24.07.2025

<u>नीलामी – सूचना</u>

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि कृषि महाविद्यालय, भुसावर, भरतपुर के कलमी बाग में नीबू के 80 पेड़ एवं करोंदा के 60 पेड़ों में फलत है। इन पेड़ों के फलों की नीलामी की जानी है। अतः इच्छुक व्यक्ति दिनांक **28.07.2025** को दोपहर **02:00** बजे कृषि महाविद्यालय, भुसावर, भरतपुर (कलमी बाग) पर मौके पर उपस्थित होकर बोली लगा सकते हैं। धरोहर राशि जमा कराने वाले बोलीदाता ही नीलामी में भाग ले सकेगें। नीलामी सूचना को सम्पूर्ण अथवा किसी भाग को बिना किसी कारण बताए निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरकर्ता को होगा।

नीलामी से सम्बन्धित शर्ते एवं कार्य जानकारी अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय से कार्य समय के दौरान प्राप्त कर सकते है।

अधिष्ठाता
DEAN
College of Agriculture
Bhusawar (Weir)-Bharatpur (Raj.)

प्रतिलिपि :–सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु निम्नलिखित को प्रेषित हैः–

1. श्रीमान वित्त नियंत्रक, श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर।
2. प्रभारी, सिमका श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय, जोबनेर को प्रेषित कर लेख है कि विश्वविद्यालय वेबसाइट www.sknau.ac.in पर अपलोड करना सुनिश्चित करे।
3. कमेटी कन्वीनर/सदस्य/लेखाशाखा/.................................................................।
4. कृषि महाविद्यालय, भुसावर के सूचना पट्ट पर चस्पा हेतु।
5. तहसील कार्यालय व पंचायत समिति भुसावर के सूचना पट्ट पर चस्पा हेतु।
6. रक्षित फाइल

अधिष्ठाता
DEAN
College of Agriculture
Bhusawar (Weir)-Bharatpur (Raj.)

# कृषि महाविद्यालय

(श्री कर्ण नरेन्द्र कृषि विश्वविद्यालय जोबनेर–जयपुर)

भुसावर : भरतपुर (राज.) पिन 321406

Azadi Ka Amrit Mahotsav

डॉ. उदय भान सिंह
डीन

मों: 9414714234

Email.:- dean.coabhusawer@sknau.ac.in


क्रमांकःप.( )/स्टोर/कृमविभु/2025/354 दिनांकः 24.07.2025

## नीलामी – सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि कृषि महाविद्यालय, भुसावर, भरतपुर, मे नीबू एवं करोंदा फलों की नीलामी की जानी है।

नीलामी स्थानः– कृषि महाविद्यालय, भुसावर, भरतपुर (कलमी बाग)

नीलामी की दिनांक :– 28.07.2025 (सोमवार)

समयः– दोपहर 02:00 बजे से।

नीलामी सम्बन्धी शर्तों का विवरणः–

1. प्रत्येक बोली लगाने वाले बोलीदाता को बोली लगाने से पहले रूपये 3000/–(अक्षरें रूपये तीन हजार मात्र) धरोहर राशि जमा करवानी होगी। जिस बोलीदाता के नाम अंतिम बोली छूटेगी उसकी धरोहर राशि नीलामी राशि में समायोजित कर ली जायेगी। अन्य बोलीदाताओ की धरोहर राशि उसी दिन बोली पूर्ण होने पर लौटा दी जायेगी।
2. नीलामी मे भाग लेने का अधिकार केवल धरोहर राशि जमा करवाने वाले व्यक्तियों का ही होगा। अंतिम बोली को छोडने या नही छोडने की अधिकार अधोहस्ताक्षरकर्ता का होगा।
3. बोली छूटने के बाद बोलीदाता को नीलामी की सम्पूर्ण राशि उसी दिन दोपहर 04.00 बजे कार्यालय में जमा करवानी होगी।
4. जिस व्यक्ति के नाम बोली छूटेगी वह अन्य व्यक्ति को ठेका नही दे सकेगा।
5. बोली छूटने के बाद **28.07.2025** तक उपरोक्त उत्पादो पर सफल बोलीदाता का अधिकार होगा।
6. फलों का निरीक्षण बोलीदाता स्वयं फील्ड में जाकर अवश्य कर लें।
7. उपरोक्त उत्पाद को फार्म से बाहर ले जाते समय फार्म मैनेजर से गेटपास लेना जरूरी होगा।
8. प्राकृतिक आपदा (ऑधी, तूफान, बारिश, ओले आदि) की स्थिति होने पर फलोत्पादन में होने वाली मात्रात्मक एवं गुणात्मक कमी की कॉलेज की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।
9. फलों की तुडाई, परिवहन कार्य आदि के दौरान किसी भी श्रमिक का अंग भंग होने, घायल होने या अन्य घटना होने की स्थिति में ठेकेदार की जिम्मेदारी होगी।
10. उपरोक्त शर्तो का उल्लंघन करने पर नीलामी निरस्त कर सम्बन्धित व्यक्ति की धरोहर राशि जब्त की जा सकती है।
11. फलो की तुडाई /बेचान कार्य दिवस एवं कार्यालय समय सुबह 10 बजे से सांय 5 बजे में फार्म प्रभारी/ प्रबन्धक की देखरेख में करनी होगी।
12. फलों में सिचांई करने, थाला बनाने तथा अन्य रख–रखाव करने की जिम्मेदारी स्वंय ठेकेदार की होगी।
13. प्रशासन की पूर्वानुमति से सुखे एवं अनुउत्पादक पौधो को काटा जा सकता है, निविदा के समय ऐसे पौधो को शामिल नही किया गया है, अतः ठेकेदार किसी भी प्रकार के मुआवजे की मांग नही कर सकता है।
14. नीलामी में फलन (उत्पादन) वाले पौधो को ही शामिल किया गया है।
15. हर विवादित मामलें में अधोहस्ताक्षरकर्ता का निर्णय अन्तिम एवं सर्वमान्य होगा।

अधिष्ठाता

DEAN
College of Agriculture
Bhusawar (Weir)-Bharatpur (Raj.)